Publication: Janpath Samachar **Edition:** New Delhi **Date:** January 20, 2022

जिंदल सॉ लिमिटेड की हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। पाइप निर्माण करने वाली कंपनी जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड ने आज हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के साथ एक नए संयुक्त उद्यम के गठन की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि भारत का पहला 'अत्याधुनिक' प्रीमियम ओसीटीजी थ्रेडिंग प्लांट जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड के साथ बहुमत शेयरधारक के रूप में 51 प्रतिशत अनुपात 49 प्रतिशत साझेदारी में नासिक में स्थापित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप यह संयुक्त उद्यम, भारत से दुनिया के भिन्न हिस्सों में ओसीटीजी के लिए प्रीमियम कनेक्शन के दरवाजे खोलेगा और तेल तथा गैस ड्रिलिंग जैसी गतिविधियों में शामिल संस्थानों के लिए आयात प्रतिस्थापन के रूप में काम करेगा। इस तरह, भारत इस सेगमेंट में आत्मनिर्भर हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि संयुक्त साझेदार, हंटिंग एनर्जी सर्विसेज प्रीमियम कनेक्शन समाधान विकसित करने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी है। इस संयुक्त उद्यम में प्रारंभिक निवेश लगभग 2 करोड़ से 2.5 करोड़ डॉलर का होगा और भारत में प्रीमियम ओसीटीजी के लिए संभावित वार्षिक बाजार आकार 20 करोड़ डॉलर के करीब है।

यह समझौता 2019 में एक रणनीतिक गठजोड़ के बाद दोनों व्यवसायों के बीच एक करीबी काम-काजी साझेदारी को औपचारिक रूप देता है। इससे पहले जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड और हंटिंग एनर्जी सर्विसेज ने भारत में तेजी से बढ़ते ऑयल कंट्री ट्यूबलर गुड्स (ओसीटीजी) बाजार में अपनी उपस्थिति का विकास शुरू किया था।

इस संयुक्त उद्यम में, जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड अपनी स्थान-विशिष्ट क्षमताओं को लाएगा और परियोजना के लिए कार्यबल को जुटाने में अपनी सुविज्ञता का लाभ उठाएगा। इसके अलावा, हंटिंग एनर्जी सर्विसेज मुख्य रूप से तेल और गैस क्षेत्र में गहरी ड्रिलिंग गतिविधियों में उपयोग की जाने वाली सीमलेस ट्यूबिंग और केसिंग की पूरी श्रृंखला पर प्रीमियम कनेक्शन को थ्रेड करने के लिए अपनी पेटेंट प्रीमियम कनेक्शन तकनीक प्रदान करेगी।

नतीजतन, यह संयुक्त उद्यम भारत में ओसीटीजी समाधानों की व्यापक रेंज पेश करने वाला पहला अत्याधुनिक प्रीमियम कनेक्शन थ्रेडिंग उपक्रम बन जाएगा।

संयुक्त उद्यम समझौते की शर्तों के तहत, हंटिंग और जिंदल नासिक में जिंदल के मौजूदा स्टील मिल के पास 130,000 वर्ग फुट में एक समर्पित प्रीमियम कनेक्शन थ्रेडिंग इकाई का निर्माण करेंगे।

एनएसई